

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## पंचम सत्र

## दैनिक विवरणिका

**संख्या-20** **मंगलवार, दिनांक-29 मार्च, 2022 ई०।**

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:48 बजे अपराह्न तक।**

**[1] अन्य चर्चा:-**

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज हमारे बीच सदन की कार्यवाही देखने के लिए जहानाबाद से स्कूल के कुछ बच्चे आये हैं। इन्हें हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया और संसदीय परम्परा के उज्जवल पक्ष से परिचित कराना हम सबकी जिम्मेवारी है। ये लोकतंत्र को एक व्यवस्था के रूप में नहीं बल्कि जीवनशैली के रूप में इसे अपना सकें, यह प्रयास हम सबको करना है। अत: हम सब इनके बीच एक बेहतर वातावरण और सकारात्मक भाव से व्यवहार करें ताकि ये यहाँ से इस महान सदन की अमिट छाप लेकर जायें और जीवन को इसके अनुकूल बनाने का प्रयास करते रहें।

**[2] प्रश्नकाल :-**

(i) 04 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ।
(iii) 06 अल्पसूचित प्रश्न अनागत।
(iv) 17 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
(v) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।
(vi) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-3334 नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानान्तरित।
(vii) 213 तारांकित प्रश्न अनागत।

तारांकित प्रश्न संख्या-3331 के निस्तारण के दौरान आसन द्वारा कहा गया कि यह पूरे बिहार का मामला है। माननीय मंत्री जी ने पूरी संवेदनशीलता के साथ पहले भी प्रबंध समिति के गठन के संबंध में दिशा-निर्देश दिया है। परन्तु माननीय मंत्री एक बार पुन: सभी जिलों के वैसे विद्यालयों की सूची मंगवा लें जहाँ प्रबंध समिति का गठन अब तक नहीं हुआ है।

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज के लिए सूचीबद्ध सभी प्रश्नों के उत्तर ऑनलाइन माध्यम से शत-प्रतिशत प्राप्त हुए हैं, जिसके लिए पूरे सदन की ओर से आसन द्वारा सरकार को बधाई दी गयी।

**[3] कार्यस्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य, श्री अजीत शर्मा द्वारा दिया गया कार्यस्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गई।

परन्तु माननीय सदस्य, श्री अजीत शर्मा के अनुरोध पर आसन द्वारा उन्हें अपनी सूचना को संक्षिप्त रूप से पढ़ने का अवसर दिया गया।

**[4] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्रीमती मंजु अग्रवाल | (ii) | श्री विनय कुमार |
| (iii) | श्रीमती कविता देवी | (iv) | श्री अरूण शंकर प्रसाद |
| (v) | श्रीमती नीतु कुमारी | (vi) | श्रीमती विभा देवी |
| (vii) | श्री ललन कुमार | (viii) | श्री रामबली सिंह यादव |
| (ix) | श्री इजहारूल हुसैन | (x) | श्री राम रतन सिंह |
| (xi) | श्री अजय कुमार | (xii) | श्रीमती भागीरथी देवी |
| (xiii) | श्री मनोज मंजिल | (xiv) | डॉ० निक्की हेम्ब्रम |
| (xv) | श्री विद्या सागर केशरी | (xvi) | श्री संजय सरावगी |
| (xvii) | श्री महा नंद सिंह | (xviii) | श्री रामवृक्ष सदा |
| (xix) | श्री विजय कुमार खेमका | (xx) | श्री मुरारी मोहन झा |
| (xxi) | श्रीमती प्रतिमा कुमारी | (xxii) | श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता |
| (xxiii) | श्री गोपाल रविदास | (xxiv) | श्री विजय कुमार मण्डल |
| (xxv) | श्री अली अशरफ सिद्दिकी | (xxvi) | श्री मो० कामरान |
| (xxvii) | श्री अमरजीत कुशवाहा | (xxviii) | श्री समीर कुमार महासेठ |
| (xxix) | श्री राजेश कुमार सिंह | (xxx) | श्री अरूण सिंह |
| (xxxi) | श्री सुर्यकान्त पासवान | (xxxii) | श्री रणविजय साहू |
| (xxxiii) | श्री सत्यदेव राम | (xxxiv) | श्री सुनील मणि तिवारी |
| (xxxv) | श्री मुरारी प्रसाद गौतम | (xxxvi) | श्रीमती रेखा देवी |
| (xxxvii) | श्री राम चन्द्र प्रसाद | (xxxviii) | श्री पवन कुमार यादव |
| (xxxix) | श्री कुमार शैलेन्द्र | (xl) | श्री सुदामा प्रसाद |
| (xli) | श्रीमती रश्मि वर्मा | (xlii) | श्री संजय कुमार सिंह |

आसन द्वारा माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी के शून्यकाल की सूचना को संज्ञान में लेने के लिए कहा गया।

**[5] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य, श्री नीतीश मिश्रा का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री राहुल तिवारी एवं अन्य सभासदों का पथ निर्माण/राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री राहुल तिवारी द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री राम सूरत कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

**[6] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) माननीय प्रभारी मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, श्री जिवेश कुमार द्वारा भारतीय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 395 के तहत बिहार वानिकी विकास निगम लिमिटेड के वर्ष 2018-19 का वार्षिक लेखा प्रतिवेदन की एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

(ii) माननीय सभापति, आश्वासन समिति, श्री दामोदर रावत द्वारा आश्वासन समिति का उद्योग विभाग से संबंधित 315वाँ प्रतिवेदन, सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित 316वाँ प्रतिवेदन, सहकारिता विभाग से संबंधित 317वाँ प्रतिवेदन, जल संसाधन विभाग से संबंधित 318वाँ प्रतिवेदन एवं ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित 321वाँ प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

(iii) माननीय सभापति, निवेदन समिति, श्री विनोद नारायण झा द्वारा निवेदन समिति का सहकारिता विभाग से संबंधित प्रथम प्रतिवेदन, ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित द्वितीय प्रतिवेदन तथा श्रम संसाधन विभाग से संबंधित पंचम प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

तत्पश्चात सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02:00 बजे अपराह्न से 06:00 बजे अपराह्न तक)

**(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)**

**[7] गैर सरकारी संकल्प:-**

(1) 11 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत ।

(2) 107 गैर सरकारी संकल्प वापस ।

(3) 21 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ठ ।

गैर सरकारी संकल्प संख्या-05 के निस्तारण के दौरान माननीय उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आसन ग्रहण किया गया ।

गैर सरकारी संकल्प संख्या-67 के निस्तारण के दौरान आसन द्वारा घोषणा की गयी कि निर्धारित कार्यवाही की समाप्ति तक सदन की सहमति से इसकी अवधि का विस्तार किया जाता है।

गैर सरकारी संकल्प संख्या-121 के निस्तारण के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आसन ग्रहण किया गया।

**[8] आसन की सूचना :-**

आसन द्वारा सदन को सूचना दी गयी कि हमारे यहाँ पूरे वर्ष को छः मौसमों में बाँटा गया है- वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत और शिशिर। इसमें वसंत लोगों का सबसे मनचाहा मौसम है, इसलिए इसे ऋतुराज भी कहा जाता है। हमारे यहाँ की मान्यताओं में वसंत के शुभ आगमन को वसंत पंचमी यानी माघ शुक्ल पंचमी से ही मनाया जाने लगता है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि हमारे संवत पंचांग में वर्ष का अंत और प्रारंभ दोनों वसंत ऋतु में ही होते है।

साहित्य-संगीत, राग-रंग, ज्ञान-ध्यान सबका उत्कर्ष इस मौसम में देखा जाता है। बजटीय प्रक्रिया जो कि हमारा सर्वाधिक महत्वपूर्ण संवैधानिक दायित्व है वह भी आम तौर पर इसी मौसम में सम्पन्न होती है। इस बजट सत्र की समाप्ति की पूर्व संध्या पर दिनांक 30 मार्च, 2022 को संध्या 07:00 बजे आप सभी माननीय सदस्यों के सम्मान में अध्यक्षीय आवास, 02, देशरत्न मार्ग, पटना में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सहभोज का आयोजन किया गया है। हमने इस अवसर को वसंतोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। आपसे अनुरोध है कि आप इस कार्यक्रम में सम्मिलित हों । मैं आपसे और सदन की ओर से पूरे प्रदेश वासियों से भी कहूँगा-

**''भौंरे गाते हैं नया गान, कोकिला छेड़ती है नया तान,**<br>
**रहें सब जीवों के सुखी प्राण, इस सुख का हो अब नहीं अंत,**<br>
**घर-घर में छाये नित वसंत''**

**[9] निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 46 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे।

तदुपरान्त सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-30 मार्च, 2022 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना<br>
दिनांक-29.03.2022

**शैलेन्द्र सिंह**<br>
सचिव,<br>
बिहार विधान सभा, पटना।